दिनांक 2 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मुहैया कराई जा रही है मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा , भिलाई निगम क्षेत्र में आज से प्रारंभ हुई शिविर , पहले दिन प्रथम पाली में 75 लोगों ने कराया जांच

भिलाईनगर। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप मोहल्ले में ही चिकित्सकों द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा देने के लिए महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल पर 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आज से अपनी सुविधा देना प्रारंभ कर दिया है! शेड्यूल के मुताबिक आज राधिका नगर, वृंदा नगर और दुर्गा मंदिर मे शिविर का आयोजन किया गया! प्रथम पाली के आज के शिविर में 75 लोगों ने अपना स्वास्थ्य लाभ लिया! योजना के तहत निगम क्षेत्र के नागरिकों को उनकी बस्ती , मोहल्ला, पारा में ही चिकित्सा की उन्नत सेवा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से मिलना प्रारंभ हो गया है। महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि मोहल्ले में ही सुविधा प्राप्त होने के कारण स्लम क्षेत्र के नागरिक इसका सहज ही लाभ प्राप्त कर पाएंगे। राज्य प्रवर्तित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत आम नागरिकों का उनके मोहल्ले में ही जाकर ईलाज किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी जोन आयुक्तों को चलित चिकित्सा ईकाई के लिए शिविर स्थल में बिजली, पानी, साफ सफाई, टेबल, कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं! योजना के नोडल अधिकारी तरुण पाल लहरें ने बताया कि योजना के तहत निगम क्षेत्र के वार्डों में क्रमशः शिविर लगाने के लिए माह नवंबर का शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। चलित चिकित्सा ईकाई स्लम क्षेत्रों में पहुंचकर उस क्षेत्र के मरीजों की जांच कर दवाईयां उपलब्ध कराएगी। इसके अतिरिक्त पैथोलाॅजी की सुविधा भी मेडिकल मोबाइल यूनिट में उपलब्ध होगी। निर्धारित दिन अनुसार रूट चार्ट तैयार किया गया है जिसके अनुसार शिविर का आयोजन आज से प्रारंभ हो गया है। शिविर दो पाली में आयोजित होगी सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं दूसरी पाली में शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक। शिविर के माध्यम से असंगठित एवं संगठित कर्मकारों को पंजीयन के लिए प्रेरित करते हुए फार्म का वितरण भी किया जा रहा है! प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने व्यवस्था को लेकर शिविर का निरीक्षण किया!

नवंबर में लगने वाले शिविर के लिए रूट चार्ट तैयार दिनांक 3 नवंबर 2020 को वार्ड क्रमांक 5 लक्ष्मी नगर के राजीव नगर स्थित सांस्कृतिक मंच में, वार्ड क्रमांक 17 वृंदा नगर के अर्जुन नगर स्थित अटल आवास के पास स्थित सांस्कृतिक मंच , वार्ड 34 सुभाष नगर खुर्सीपार के गणेश मंच एकता नगर में!

4 नवंबर को वार्ड क्रमांक 5 लक्ष्मी नगर अंतर्गत गौतम नगर के बुद्ध भूमि संस्कृतिक भवन में, वार्ड क्रमांक 17 अंतर्गत अर्जुन नगर के सतनाम भवन दुर्गा मंच में , वार्ड 33 सुभाष वार्ड खुर्सीपार के बाबा बालक नाथ मंदिर के पास स्थित सांस्कृतिक मंच में!

5 नवंबर को वार्ड क्रमांक 18 प्रेम नगर अंतर्गत दुर्गा चौक स्थित स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में, वार्ड 35 बाबा बालक नाथ मंदिर खुर्सीपार स्थित गणेश मंच में!